भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 555
बुधवार, 03 दिसंबर , 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

क्लाउड सीडिंग अभियान

†555. श्रीमती महुआ मोइत्रा:

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कानपुर और आसपास के क्षेत्रों सहित देश के विभिन्न भागों में चल रहे क्लाउड सीडिंग अभियान वायुमंडलीय आर्द्रता में कमी के कारण रोक दिए गए हैं;
(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और आर्द्रता के स्तर में इस कमी के क्या कारण हैं;
(ग) वर्तमान वर्ष के दौरान अब तक क्लाउड सीडिंग अभियानों पर कुल कितना व्यय हुआ है;
(घ) क्या सरकार ने इन क्लाउड सीडिंग प्रयोगों की प्रभावशीलता और परिणामों का आकलन किया है; और
(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसे आकलन के क्या निष्कर्ष निकले हैं तथा इसी प्रकार के अभियानों के लिए क्या भावी योजना है?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, देश के विभिन्न भागों में चल रहे क्लाउड सीडिंग अभियान से जुड़ा नहीं है। तथापि, मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान ने 2017-2019 की अवधि के दौरान क्लाउड एरोसोल इंटरैक्शन एंड प्रेसीपिटेशन इनहैंसमेंट एक्सपेरिमेंट (CAIPEEX) प्रोग्राम के माध्यम से भारत के वृष्टि छाया क्षेत्र में क्लाउड सीडिंग के माध्यम से वर्षा में वृद्धि पर एक अनुसंधान अध्ययन करवाया है। इस अनुसंधान परियोजना का विवरण और अध्ययन का परिणाम https://www.tropmet.res.in/~lip/Publication/Technical-Reports/CAIPEEX-Report-July2023.pdf. पर उपलब्ध है।

(ख)–(ग) इस परिदृश्य में प्रश्न लागू नहीं होता।

******